जागरण

यूपी में ब्रांडेड कंपनियों के नाम पर बिक रहा था नकली देसी घी, नमक और कॉफी का भी खेल बेनकाब

संवाद सहयोगी, बहजोई। जनपद की धनारी पुलिस ने एसओजी और सर्विलांस के साथ मिलकर नकली देसी घी नमक और काफी बनाने के बड़े रैकेट का भंडाफोड़ किया है। जिसमें कई ब्रांडेड कंपनियों जैसे अमूल, मधुसूदन, पतंजलि के नकली देसी घी और न्यास के कंपनी की काफी के अलावा टाटा नमक आदि शामिल हैं। गिरोह के पांच लोग गिरफ्तार हुए हैं जोकि मेरठ और बागपत जिले के हैं।

पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि गुप्त सूचना पर आज सुबह धनारी थाना क्षेत्र के अंतर्गत सुल्तानगढ़ - पाठकपुर मार्ग पर खजुरा मोड़ के पास एक छोटा हाथी वाहन पकड़ा गया, जिसमें अमूल, पतंजलि, मधुसूदन आदि ब्रांडों के नाम से बेचे जाने वाले नकली देसी घी के डिब्बे, टाटा नमक के पैकेट और नेस्कैफे की नकली काफी बरामद हुई।

Source: https://www.jagran.com/uttar-pradesh/sambhal-city-fake-ghee-racket-busted-in-bahjoi-amul-patanjali-brands-impersonated-24007395.html